# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक- 14.09.2025**

**विषय:- थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा मकान का ताला तोड़कर चोरी करने के मामले में वांछित अभियुक्त नसीम अख्तर गिरफ्तार, कब्जे से आला नकब व कुछ नगद बरामद।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के नेतृत्व में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 210/2025 धारा-305(a),331(4),317(2) बीएनएस थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी का अनावरण करते हुए वांछित अभियुक्त नसीम अख्तर पुत्र स्व0 असगर अली निवासी- बी 21/225 टी-1 अशफाक नगर, रेवड़ी तालाब थाना भेलूपुर कमिश्नरेट वाराणसी को आज दिनांक-14.09.2025 समय करीब 09.45 बजे ऐढ़े रिंग रोड के पास थाना लालपुर पाण्डेयपुर वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे आला नकब सहित टोटी व 900/- रुपये नगद बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-**

दिनांक 05.08.2025 को वादी मुकदमा ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी के सोयेपुर स्थित मकान का ताला तोड़कर चोरी करने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 अरुण कुमार द्वारा सम्पादित की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

नसीम अख्तर पुत्र स्व0 असगर अली निवासी- बी 21/225 टी-1 अशफाक नगर रेवड़ी तालाब थाना भेलूपुर कमिश्नरेट वाराणसी उम्र करीबवर्ष 38 ।

**पूछताछ का विवरण –**

अभियुक्त से पूछताछ करने पर बताया कि मैने दिनांक 04.08.2025 को सोयेपुर स्थित एक घर में चोरी किया था, चोरी के सामान को थोड़ा-थोड़ा करके बेच रहा था, बचे हुए सामान को बेचने के लिये खड़ा था कि पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-**

ऐढ़े रिंग रोड के पास थाना लालपुर पाण्डेयपुर वाराणसी से, दिनांक 14.09.2025 को समय करीब 09.45 बजे।

**<u>बरामदगी का विवरण-</u>** कब्जे से टोटी, आला नकब व 900 /- रुपये नगद बरामद।

**<u>आपराधिक इतिहास-</u>**

1-मु0अ0सं0 210/2025 धारा 305(a),331(4),317(2) बीएनएस थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

**<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

1. प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 अरुण कुमार थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 लवरेज खाँन थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 वीरेन्द्र कुमार थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।



**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।**